वार्षिक रिपोर्ट
2017-18

विनियामक फोरम (एफओआर)

वार्षिक रिपोर्ट
2017-18

विनियामक फोरम

विनियामक फोरम (एफओआर)
सचिवालयः मार्फत केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (केविविआ),
तृतीय एवं चतुर्थ तल, चंद्रलोक बिल्डिंग,
36 जनपथ, नई दिल्ली – 110 001
दूरभाषः +91–11–23753920
फैक्सः +91–11–23752958

प्रस्तावना

वर्ष 2017–2018 के दौरान, विनियामक फोरम (एफओआर) ने विद्युत क्षेत्र में महत्वपूर्ण विषयों पर विचार–विमर्श करने और विवेचनीय विषयों पर आगे बढ़ने के लिए सहमति तैयार करते हुए अपने उद्देश्यों को पूरा करना जारी रखा। फोरम ने विद्युत क्षेत्र में सुधारों तथा नवीकरणीय ऊर्जा के विकास के लिए पर्याप्त उपाए किए।

फोरम ने प्रभावी और सहज एकीकरण के लिए अपेक्षित विनियामक तैयारियों और नीतिगत विधियों के साथ इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के एकीकरण के तकनीकी–आर्थिक विश्लेषण करने के उद्देश्य से ''ग्रिड पर इलेक्ट्रिक वाहनों का प्रभाव'' पर एक अध्ययन आरंभ किया। अध्ययन के भाग के रूप में, फीडरों पर ईवी के प्रभाव को समझने के लिए सिमुलेशन अभ्यास का अध्ययन किया गया है। अधिनियम और नीतियों के अधीन उपलब्ध उपबंधों को ध्यान में रखते हुए, तीन कारोबार मॉडलों का सुझाव दिया गया, अर्थात् यूटीलिटी के स्वामित्व वाली संस्थापनाएं, फ्रेंचाइजी द्वारा संस्थापनाएं (सार्वजनिक–निजी साझेदारी सहित) और बैटरी स्वैपिंग स्टेशनों द्वारा एकत्रीकरण।

फोरम ने पिछले पांच वर्शों के दौरान किए गए कार्यक्रमों को सम्मिलित करते हुए और यह विश्लेषण करने के लिए कि क्या ये गतिविधियाँ फोरम के समग्र कृत्यों और उद्देश्यों के अनुरूप हैं, ''विनियामक फोरम अध्ययनों और क्षमता निर्माण कार्यक्रमों (सीबीपी) का प्रभाव आकलन'' पर एक अध्ययन शुरू किया। अध्ययन ने बृहत्तर समन्वय और सभी हिताधिकारियों से जवाबदेही सुनिश्चित करने, अध्ययनों और सीबीपी में कवर किए जाने वाले प्रमुख विषयों का अनुमान लगाने के लिए हित सर्वेक्षण, अध्ययन और सीबीपी जीवनचक्र के प्रत्येक चरण पर प्रभावपूर्ण अध्ययनों और सीबीपी के लिए पूरा किए जाने वाले आवश्यक प्रमुख मानदंडों की जांच–सूची, संगत मुद्दों पर नियमित चर्चा के लिए ऑनलाइन फोरम, विनियामक फोरम के सचिवालय और एसईआरसी के बीच समन्वय के लिए संचार टेम्पलेट आदि के लिए विशिष्ट अध्ययनों / सीबीपी के लिए एक कार्यकारी समूह की नियुक्ति की सिफारिश की।

फोरम ने राज्य स्तर पर नवीकरण पर फ्रेमवर्क के कार्यान्वयन पर विनियामक फोरम स्थायी तकनीकी समिति रिपोर्ट की प्रथम रिपोर्ट के खंड I और II का विमोचन किया। समिति की प्रमुख पहलों में, अन्य बातों के साथ–साथ, विद्युत में संव्यवहारों का अनुसूचीकरण, लेखांकन, मीटरिंग और व्यवस्थापन (एसएएमएएसटी) पर रिपोर्ट, राज्य स्तर पर आरई स्रोतों के लिए पूर्वानुमान, अनुसूचीकरण और विचलन व्यवस्थापन के लिए मॉडल फ्रेमवर्क, मॉडल विचलन व्यवस्थापन (डीएसएम) विनियम, जेनेरिक आरपीओ वेबटूल का विकास और मॉडल आरपीओ विनियम, उत्पादन स्रोतों के इष्टतम उपयोग के लिए प्रादेशिक सहयोग से संबंधित मामलों की जांच, स्मार्ट मीटरों के रोल–आउट पर रिपोर्ट, अंतःराज्यिक हाइड्रो उत्पादनकारी स्टेशनों के लिए मॉडल विनियम, 5–मिनट टाईम–ब्लॉक के परिचय पर अध्ययन आदि सम्मिलित हैं।

फोरम द्वारा की गई पहलों की पृष्ठभूमि में, प्राथमिक रूप से उतरदायित्व अब कार्यान्वयन के लिए विभिन्न अध्ययनों की सिफारिशों को अपनाने के लिए राज्य विद्युत विनियामक आयोगों / संयुक्त विद्युत विनियामक आयोगों का है। फोरम इस क्षेत्र के विशेषज्ञों के विचारविमर्श करने में लगा है ताकि उन विवेचनीय मुददों पर कार्यान्वयन योग्य समाधानों का पता लगाया जा सके जिससे विद्युत क्षेत्र में चहुमुखी विकास में बाधा पहुंच रही है। हम फोरम के आदेश को पूरा करने में सभी स्टेक होल्डरों से सतत सहायता की अपेक्षा करते हैं।

अध्यक्ष, विनियामक फोरम

विषय सूची

1. विनियामक फोरम 7

2. फोरम की गतिविधियां 9

2.1 विनियामक फोरम की बैठकें 9

दिनांक 21 अप्रैल, 2017 को गुवाहाटी, असम में आयोजित फोरम की 59वीं बैठक 9

दिनांक 23 जून, 2017 को नई दिल्ली में आयोजित फोरम की 60वीं बैठक 10

दिनांक 22 सितंबर, 2017 को चेन्नई में आयोजित फोरम की 61वीं बैठक 11

दिनांक 15 दिसंबर, 2017 को नई दिल्ली में आयोजित विनियामक फोरम की 62वीं बैठक 12

2.2 पूरे किए गए अध्ययन 13

ग्रिड पर इलेक्ट्रिक वाहनों का प्रभाव 13

विनियामक फोरम अध्ययनों और क्षमता निर्माण कार्यक्रमों का प्रभाव आकलन 13

2.3 क्षमता निर्माण कार्यक्रम 14

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ कॉर्पोरेट अफेयर्स, गुरुग्राम में 17 नवंबर, 2017 से 14

नवंबर, 2017 तक उत्तर पूर्व क्षेत्र के विनियामकों और विनियामक स्टाफ के लिए तीन दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम 14

आईआईटी कानपुर आउटरीच सेंटर, नोएडा में 9 से 11 दिसंबर, 2017 तक और तदुपरांत सिंगापुर में 13 से 15 दिसंबर, 2017 तक 11वां क्षमता निर्माण कार्यक्रम 14

राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षण संस्थान, फरीदाबाद में 22 से 23 मार्च, 2018 तक सीजीआरएफ और लोकपाल के अधिकारियों के लिए ''उपभोक्ता हित की सुरक्षा'' पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 15

3. वर्ष 2017–18 के दौरान विनियामक फोरम के सदस्य विनियामक निकायों की उपलब्धियां (सीईआरसी / एसईआरसी / जेईआरसी) 16

केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग 16

असम विद्युत विनियामक आयोग 17

आंध्र प्रदेश विद्युत विनियामक आयोग 18

अरुणाचल प्रदेश राज्य विद्युत विनियामक आयोग 18

बिहार विद्युत विनियामक आयोग 18

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत विनियामक आयोग 18

दिल्ली विद्युत विनियामक आयोग 18

गुजरात विद्युत विनियामक आयोग 18

हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग 18

हिमाचल प्रदेश विद्युत विनियामक आयोग 19

संयुक्त विद्युत विनियामक आयोग (गोवा और संघ राज्य प्रदेश) 19

संयुक्त विद्युत विनियामक आयोग (मणिपुर और मिजोरम) 19

झारखंड राज्य विद्युत विनियामक आयोग 19

कर्नाटक विद्युत विनियामक आयोग 20

केरल राज्य विद्युत विनियामक आयोग 20

महाराष्ट्र विद्युत विनियामक आयोग 20
मध्य प्रदेश विद्युत विनियामक आयोग 21
मेघालय राज्य विद्युत विनियामक आयोग 21
नागालैंड विद्युत विनियामक आयोग 21
ओडिशा विद्युत विनियामक आयोग 21
पंजाब राज्य विद्युत विनियामक आयोग 21
राजस्थान विद्युत विनियामक आयोग 22
सिक्किम राज्य विद्युत विनियामक आयोग 22
त्रिपुरा विद्युत विनियामक आयोग 22
तमिलनाडु विद्युत विनियामक आयोग 22
तेलंगाना राज्य विद्युत विनियामक आयोग 23
उत्तर प्रदेश विद्युत विनियामक आयोग 23
उत्तराखंड विद्युत विनियामक आयोग 23
पश्चिम बंगाल विद्युत विनियामक आयोग 23

4. राष्ट्रीय विद्युत नीति और टैरिफ नीति से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर स्थिति 24

5. केविविआ/एसईआरसी/जेईआरसी के अध्यक्ष की सूची 25

6. वार्षिक लेखापरीक्षित लेखा 27

अनुबंध – I 45
केविविआ के टैरिफ अनुसूचियां उत्पादन टैरिफ 45
अनुबंध – II 53
राज्य विद्युत विनियामक आयोगों के आदेश जारी करने की समयबद्धता 53
अनुबंध – III 58
सीजीआरएफ और लोकपाल की कार्यप्रणाली 58

1 विनियामक फोरम

विद्युत क्षेत्र के लिए एक स्वतंत्र विनियामक आयोग की परिकल्पना वर्ष 1990 के दशक के आरंभ में उस समय की गई थी जब 1994 में महाराष्ट्र के तत्कालीन मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में विद्युत संबंधी राष्ट्रीय विकास परिषद समिति ने 'सार्वजनिक और निजी प्रयोज्यताओं की टैरिफ नीतियों को विनियमित करने के लिए क्षेत्रीय स्तर पर स्वतंत्र व्यवसायिक टैरिफ बोर्डो का गठन' करने की सिफारिश की थी। समिति ने यह भी दोहराया था कि 'टैरिफ बोर्डो से प्रत्येक क्षेत्र और प्रत्येक राज्य के लिए समुचित विद्युत टैरिफों को तैयार करने के मामले में उच्च स्तर की व्यवसायिकता आ सकेगी।'

विनियामक आयोग के गठन की आवश्यकता को 1996 में आयोजित मुख्यमंत्रियों के सम्मेलन में पुनः दोहराया गया। सम्मेलन में अन्य बातों के साथ साथ विद्युत के लिए सामान्य न्यूनत्तम राष्ट्रीय कार्रवाई योजना की बात को व्यक्त करते हुए यह सहमति हुई कि राज्य विद्युत बोर्डों में सुधार और पुनर्संरचना करना आवश्यक है तथा इन्हें निश्चित सीमा के अंदर पूरा किया जाना चाहिए और इस दिशा में एक उपाय के रूप में विनियामक आयोग को बनाने की बात को समझा गया। इस प्रकार केन्द्र तथा राज्यों में विद्युत विनियामक आयोगों (विविआ) को बनाने के लिए विद्युत विनियामक आयोग (ईआरसी) अधिनियम, 1998 (संक्षेप में, 1998 अधिनियम) अधिनियमित किया गया।

1998 का अधिनियम, टैरिफ विनियमन से सरकार को दूर रखने के उद्देश्य से अधिनियमित किया गया था। 1998 के अधिनियम में विद्युत टैरिफ को तर्कसंगत बनाने, टैरिफ सब्सिडी इत्यादि से संबंधित पारदर्शिता नीतियों के सुव्यवस्थितीकरण के लिए केन्द्र तथा राज्यों में विद्युत विनियामक आयोगों के लिए उपबंध किया गया। अब 1998 के अधिनियम को विद्युत अधिनियम 2003 (संक्षेप में, 2003 का अधिनियम) द्वारा प्रतिस्थापित कर दिया गया है। 2003 अधिनियम की शुरुआत से विनियामक आयोगों के कार्यकलाप विद्युत बाजार के क्षेत्र के विकास की भूमिका के साथ साथ इसे सरकार को परामर्श कार्य भी निर्दिष्ट किए गए हैं। केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग तथा अधिकांश राज्य विद्युत विनियामक आयोग अधिनियम 1998 के अंतर्गत गठित किए गए थे। तथापि, मेघालय राज्य विद्युत विनियामक आयोग, जेईआरसी (मणिपुर एवं मिजोरम) तथा जेईआरसी (गोवा एवं संघ शासित प्रदेश) जैसे कुछ एसईआरसी/जेईआरसी 2003 के अधिनियम के बाद गठित किए गए थे।

इस फोरम को 2003 के अधिनियम की धारा 166(2) के अंतर्गत उपबंध के अनुसरण में 16 फरवरी 2005 की विद्युत मंत्रालय की अधिसूचना के माध्यम से गठित किया गया था जिसका मुख्य उद्देश्य सीईआरसी, एसईआरसी और जेईआरसी द्वारा तैयार किए गए विद्युत क्षेत्र में विनियमनों में एकरूपता प्राथमिक उद्देश्य था।

केन्द्रीय सरकार ने विनियामक फोरम के लिए निम्नलिखित नियम भी बनाए है:–

❖ फोरम का गठन

फोरम में केन्द्रीय आयोग के अध्यक्ष एवं राज्य आयोगों के अध्यक्ष शामिल होंगे। केन्द्रीय आयोग के अध्यक्ष विनियामक फोरम के अध्यक्ष होंगे। केन्द्रीय आयोग के सचिव फोरम के पदेन सचिव होंगे। फोरम की सचिवीय सहायता केन्द्रीय आयोग द्वारा प्रदान की जाएगी। फोरम का मुख्यालय नई दिल्ली में स्थित होगा।

❖ फोरम के कार्य

फोरम निम्नलिखित कार्यों का निर्वहन करेगा अर्थात :–

- केन्द्रीय आयोग तथा राज्य आयोगों के टैरिफ आदेशों तथा अन्य आदेशों का विश्लेषण एवं उक्त आदेशों से उत्पन्न आकंडों का संकलन करना विशेष रूप से प्रयोज्यताओं की कार्य कुशलता को रेखांकित करना;
- विद्युत क्षेत्र में विनियमन में एक रूपता;
- अधिनियम के अंतर्गत अपेक्षित अनुज्ञप्तिधारियों के कार्यनिष्पादन के मानकों को निर्धारित करना;
- सामान्य हित के और सामान्य दृष्टिकोण के विभिन्न मुददों के संबंध में फोरम के सदस्यों को सूचना शेयर करना;

- ऊर्जा क्षेत्र विनियमन से संबंधित मुददों पर आउटसोर्सिंग के माध्यम से या इन हाउस अनुसंधान कार्य से पूरा करना;
- उपभोक्ताओं के हित की सुरक्षा के लिए उपाय विकसित करना और ऊर्जा क्षेत्र में कार्यकुशलता, मितव्ययिता और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना; तथा
- इस प्रकार के अन्य कार्य जिसे केन्द्रीय सरकार समय समय से निर्दिष्ट कर सकती है।
- फोरम का वित्त
- केन्द्रीय सरकार फोरम की गतिविधियों के कार्यान्वयन के लिए राज्य आयोगों से आवश्यक वित्तीय अंशदान ले सकती है। केन्द्रीय आयोग फोरम की गतिविधियों के लिए अलग लेखा रखेगी।
- मिशन विवरण

विनियामक फोरम की अवधारणा स्वतंत्र विनियमों के विकास को पूरा करने तथा भारत में विद्युत क्षेत्र में स्टेक रखने वालों को शक्ति प्रदान करने के मिशन से आरंभ किया गया था। इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए फोरम का लक्ष्य निम्नानुसार है:–

- विद्युत क्षेत्र में विनियमों की एकरूपता।
- सम्पूर्ण भारत में राष्ट्रीय नीतियों का अनुपालन
- भारत में विद्युत क्षेत्र में विनियामक निश्चितता बनाए रखने के लिए ईआरसी को प्लेटफार्म उपलब्ध करवाना।
- उपभोक्ताओं के हित में व्यापक नीतियों/विनियमों के कार्यान्वयन के माध्यम से निवेश को बढ़ावा देने के लिए पहल करना।

2 फोरम की गतिविधियां

2. फोरम की गतिविधियां

2.1 विनियामक फोरम की बैठकें

फोरम ने वर्ष के दौरान चार बैठकें आयोजित की और कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर आम सहमति बनाई।

दिनांक 21 अप्रैल, 2017 को गुवाहाटी, असम में आयोजित फोरम की 59वीं बैठक

- फोरम को सूचित किया गया था कि विशेष रूप से घरेलू उपभोक्ताओं और छोटी दुकानों / वाणिज्यिक स्थापनाओं के लिए एक नए कनेक्शन के लिए भार आधारित कनेक्शन प्रभार के मुद्दे की आंतरिक जांच करने के लिए और सार्वभौमिक विद्युतीकरण को सुकर बनाने के लिए राज्य विद्युत विनियामक आयोग को सलाह देने के लिए विद्युत मंत्रालय से अनुरोध प्राप्त हुआ था। अनुरोध के प्रत्युत्तर में, नए कनेक्शन के लिए भार आधारित कनेक्शन प्रभारों के मुद्दे का अध्ययन करने और आगे की चर्चा और निर्णय के लिए उसे "विनियामक फोरम" को प्रस्तुत करने के लिए मामले को ''दूरसंचार टॉवर की विशेष श्रेणी के लिए एफओआर कार्यकारी समूह'' को भेजा गया था। फोरम ने कार्यकारी समूह की रिपोर्ट पर विचार–विमर्श किया और निर्णय लिया कि सर्विस लाइन प्रभारों, मीटर और संबंधित प्रभारों और प्रतिभूति जमा (बिलिंग के अधिकतम तीन महीने तक) के अलावा सिस्टम लोडिंग प्रभारों सहित कोई अन्य शुल्क नहीं लगाया जाएगा। यदि उपभोक्ता अपना स्वयं का मीटर खरीदने का विकल्प चुनते हैं, तो कोई मीटर प्रतिभूति जमा नहीं लिया जाएगा। आगे यह संस्तुत किया गया है कि 2 किलोवाट भार और 50 मी. तक के उपभोक्ताओं के लिए मुफ्त सेवा लाइन प्रदान करने के कारण वित्तीय प्रभाव के परिप्रेक्ष्य में उपर्युक्त संस्तुति के अनुसार उपभोक्ताओं को अंतिम मील संयोजकता प्रदान करने के लिए विभिन्न योजनाओं के अधीन वितरण यूटिलिटीज को दिए जा रहे अनुदानों के अधीन कवर करने के लिए विद्युत मंत्रालय को एक संसूचना भेजी जा सकती है।
- फोरम ने मॉडल एसओपी विनियम में विश्वसनीयता सूचकांक (आरआई) के फार्मूले के पुनरीक्षण के लिए बीईआरसी से प्राप्त संदर्भ पर विचार किया और इसके आईईईई 1366 मानकों के अनुरूप होने के सुझाव का समर्थन किया। फोरम ने आईईईई मानकों के अनुरूप विश्वसनीयता सूचकांकों की परिभाषा में आवश्यक संशोधन के लिए मामले को केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण के पास ले जाने का फैसला किया।
- फोरम ने सहायक ऊर्जा खपत के लिए तृतीयक वाइंडिंग के माध्यम से ईएचवी एसी सबस्टेशनों पर आहरित ऊर्जा के लिए राज्यों में प्रभारों की एकसमान विधि से संबंधित पीजीसीआईएल द्वारा उठाए गए मुद्दे को नोट किया।
- फोरम ने अंतर–प्रादेशिक कॉरिडोर्स पर अनुज्ञेय विद्युत अंतरण की सीमा के अवधारण और अंतर–राज्यिक पारेषण प्रणाली (आईएसटीएस) के माध्यम से अल्पकालिक निर्बाध पहुंच (एसटीओए) को सुकर बनाने के उद्देश्य से इसे 9 बाजार सहभागियों के लिए सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराने की आवश्यकता को नोट किया। फोरम ने इसके आगे संबंधित राज्य भार प्रेषण केन्द्रों द्वारा राज्य पारेषण यूटिलिटीज को प्रचालन प्रतिक्रिया प्रदान करने और राज्य विद्युत समितियों या ग्रिड समन्वय समितियों में इसकी चर्चा के अलावा योजना हॉरिजॉन के लिए एसटीयू द्वारा टीटीसी / एटीसी अभिकलन, प्रचालन हॉरिजॉन के लिए एसटीयू द्वारा टीटीसी / एटीसी अभिकलन की आवश्यकता को रेखांकित किया। फोरम ने निर्णय लिया कि राज्य विद्युत विनियामक आयोग उपयुक्त कार्रवाई के लिए मामले को अपने स्तर पर निपटा सकते हैं।
- फोरम ने पिछले आठ वर्षों की विद्युत की मांग से संबंधित समय श्रृंखला डेटा के विस्तृत सांख्यिकीय विश्लेषण का उल्लेख किया, जिसमें दो राज्यों के मांग पैटर्न के बीच सह–संबंध का विवरण प्रदान किया गया कि कैसे किसी राज्य की मांग उसी समय पैमाने पर अन्य की तुलना में भिन्न होती है। यह सह–संबंध अभ्यास ग्रिड में आरई एकीकरण के प्रभाव को कम करने के लिए राज्यों के समूह के बीच अत्यंत वांछित प्रादेशिक सहयोग के संदर्भ में महत्व मानता है।

- फोरम ने ग्रिड सुरक्षा और उचित मीटरिंग और लेखांकन की आवश्यकता के परिप्रेक्ष्य में डिस्कॉम एम्बेडेड नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादनकर्ताओं (सौर, पवन, रूफ टॉप सौर) के लिए डाटा संचार प्रणाली के महत्व पर विद्युत मंत्रालय से प्राप्त संदर्भ पर विचार किया। फोरम ने वास्तिवक–समय उत्पादन डाटा की अनुपलब्धता और क्रमशः एनएलडीसी और एसएलडीसी द्वारा रखरखाव किए जाने वाले डाटा रजिस्ट्री (केंद्र और राज्य स्तरों पर) के लिए तत्काल आवश्यकता को नोट किया।
- फोरम ने रूफ टॉप सौर में इंस्टॉलेशन के मुद्दों और विद्युत के एकीकरण और संचार प्रणाली के सशक्तिकरण के लिए डिस्कॉम द्वारा अतिरिक्त प्रयास करने की आवश्यकता, ताकि रूफ टॉप सौर इंस्टालेशन संभव हो सके, के संबंध में अध्यक्ष, डब्ल्यूईबीसी द्वारा प्रस्तुतिकरण पर विचार किया। फोरम ने इस मामले को आरई के अन्य सहबद्ध मामलों के साथ जांच के लिए नवीकरणीय ऊर्जा पर ''एफओआर'' कार्यकारी समूह को भेजने का निर्णय लिया। फोरम 12 ने यह भी पाया कि थर्मल संयंत्र उत्पादन की फ्लेक्सिंग आरई के एकीकरण से संबंधित प्रमुख मुद्दों में से एक है। अतः फोरम ने अध्यक्ष, केविविआ / एफओआर को थर्मल संयंत्र उत्पादन की फ्लेक्सिंग के मुद्दे की जांच करने और आगे की आवश्यक कार्रवाई के लिए फोरम को अपनी सिफारिशें देने के लिए एक कार्यकारी समूह गठित करने के लिए प्राधिकृत किया।

दिनांक 23 जून, 2017 को नई दिल्ली में आयोजित फोरम की 60वीं बैठक

- विद्युत, कोयला, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा और खदानों के लिए माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री पीयूष गोयल बैठक में शामिल हुए। विद्युत, कोयला, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा और खदानों के लिए माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ने "विद्युत प्रणाली प्रचालन के लिए मौसम पोर्टल", "मेरिट ऑर्डर प्रेषण पोर्टल" को विमोचन किया और ''हाइड्रो संसाधनों के अनुकूलन का प्रचालन विश्लेषण'' पर पोसोको / फोल्ड रिपोर्ट जारी की।
- मंत्री ने विनियामक फोरम द्वारा निभाई जा रही सक्रिय भूमिका की सराहना की। 2005 में अपनी स्थापना के बाद से, फोरम ने अब तक 60 बैठकें की हैं और विद्युत क्षेत्र का सामना करने वाले व्यापक मुद्दों पर विचार–विमर्श किया है और आम सहमति बनाई है। श्री गोयल ने दोहराया कि यद्यपि फोरम एक सिफारशी निकाय है, तथापि सत्य भावना में अपनी सिफारिशें लागू करने के लिए यह विनियामकों पर निर्भर है।
- फोरम ने आरपीओ अनुपालन रिपोर्टिंग और मॉनिटरिंग के लिए वेब टूल के संबंध में परामर्शदाता द्वारा की गई सिफारिशों को नोट किया।
- फोरम ने आरईपीओ लक्ष्य के परिकलन के लिए विद्युत की खपत को परिभाषित करने से संबंधित केईआरसी से प्राप्त संदर्भ पर विचार किया और इस संबंध में विभिन्न एसईआरसी द्वारा अपनाए गए विभिन्न दृष्टिकोणों को नोट किया। फोरम ने इस संबंध में ''राज्य स्तर पर नवीकरणीय पर फ्रेमवर्क के कार्यान्वयन के लिए एफओआर तकनीकी समिति'' की सिफारिशों पर विचार करते हुए अपनी टिप्पणी दी।
- फोरम ने टैरिफ की प्रगति और टैरिफ युक्तिकरण के मामले के साथ–साथ टैरिफ सरलीकरण के मामले पर विचार किया। फोरम ने पाया कि टैरिफ की प्रगति पर पहले ही चर्चा की जा चुकी है। यद्यपि, ''टैरिफ श्रेणियों के सरलीकरण'' और ''टैरिफ के युक्तिकरण'' दोनों पर विद्युत मंत्रालय से रिपोर्ट प्राप्त होने पर, फोरम उस पर विचार–विमर्श करेगा और उचित कार्रवाई करेगा।
- फोरम ने टैरिफ श्रेणियों के सरलीकरण के लिए अपनाए गए दर्शन और सिद्धांतों को रेखांकित करने वाली बीईआरसी द्वारा की गई प्रस्तुति को नोट किया।
- फोरम को ''मेरिट ऑर्डर प्रेषण और नवीकरणीयों के एकीकरण'' के संबंध में रिपोर्ट के बारे में जानकारी दी गई।
- फोरम ने विद्युत मंत्रालय द्वारा टाईम ऑफ डे टैरिफ और एक प्रस्तावित रोडमैप पर प्रस्तुति का उल्लेख किया। फोरम ने पाया कि टीओडी के कार्यान्वयन के लिए प्राप्ति योग्य समयसीमा तैयार करने से पहले, इस मामले की विनियामक फोरम तकनीकी समिति द्वारा विस्तार से जांच किए जाने की आवश्यकता है। समिति सीईए से परामर्श कर सकती है, मौजूदा मीटरिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ टीओडी के कार्यान्वयन की तकनीकी–आर्थिक व्यवहार्यता की जांच करने पर विचार करे और प्राप्ति योग्य समयसीमा के साथ प्रभावी कार्यान्वयन को सुकर बनाने के लिए अपनी सिफारिशें दे।
- फोरम को प्रभावी और सहज एकीकरण के लिए विनियामक तैयारियों और अपेक्षित नीतिगत विधियों के साथ इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के एकीकरण के तकनीकी–आर्थिक विश्लेषण करने के उद्देश्य से ''ग्रिड पर इलेक्ट्रिक वाहनों का प्रभाव'' के संबंध में फोरम द्वारा किए गए अध्ययन से अवगत कराया गया। फोरम ने अपनी टिप्पणियों के साथ रिपोर्ट पर विचार–विमर्श किया और अध्ययन रिपोर्ट को मंजूरी दी।
- फोरम को महत्वपूर्ण पहलों और राज्य स्तर पर नवीकरण पर फ्रेमवर्क के कार्यान्वयन के लिए विनियामक फोरम तकनीकी समिति द्वारा प्राप्त की गई प्रगति के बारे में सूचित किया गया।

- फोरम को वित्तीय पुनर्गठन और दक्षता सुधार के माध्यम से राज्यों की विद्युत वितरण कंपनियों के 20 वित्तीय टर्नअराउंड और पुनरुत्थान प्रदान करने के लिए विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा शुरू की गई उज्जवल डिस्कॉम एश्योरेंस योजना (उदय) योजना के बारे में जानकारी दी गई। फोरम ने विद्युत मंत्रालय द्वारा दिए गए सुझावों को नोट किया।

दिनांक 22 सितंबर, 2017 को चेन्नई में आयोजित फोरम की 61वीं बैठक

- फोरम को राज्य स्तर पर नवीकरणीय ऊर्जा एकीकरण पर विनियामक फोरम तकनीकी समिति द्वारा की गई प्रगति के बारे में अवगत कराया गया। फोरम ने इच्छा जताई कि एनईआरपीसी को भी विचार–विमर्श में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जा सकता है। समिति के विचार–विमर्श से अवगत कराने के लिए सभी पूर्वोत्तर राज्यों के साथ एक अलग बैठक बुलाने का भी निर्णय लिया गया। फोरम ने कहा कि वर्तमान में, हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर भागों को पीएसडीएफ के माध्यम से वित्तपोषण के लिए डीपीआर के अधीन कवर किया गया है। इंटर–फेस मीटर आरई एकीकरण को प्रभावी ढंग से सुकर बनाने वाली पूरी परियोजना के लिए एक महत्वपूर्ण घटक और अभिन्न अंग है। फोरम ने पीएसडीएफ के माध्यम से वित्तपोषण के लिए समस्त (एसएएमएएसटी) की डीपीआर के भाग के रूप में इंटर–फेस मीटर को शामिल करने के प्रस्ताव का समर्थन किया।
- फोरम ने कहा कि अधिशेष विद्युत के व्यवस्थापन की आवधिकता, ऋण अवधि और खरीद की दर एक राज्य से दूसरे राज्य में भिन्न होती है। यह निर्णय लिया गया कि उभरते बाजार की वास्तविकताओं के परिप्रेक्ष्य में बैंकिंग की अवधारणा की समीक्षा की जानी चाहिए और परिवर्तनीय आरई के पूर्वानुमान, अनुसूचीकरण और विचलन व्यवस्थापन के फ्रेमवर्क और वास्तविक समय के समीप बाजार उत्पादों के निर्माण को आरंभ किया जाना चाहिए। नवीकरणीय पर विनियामक फोरम कार्यकारी समूह को इस पर विचार करना चाहिए और विनियामक फोरम के विचार के लिए आगे का रास्ता सुझाना चाहिए।
- फोरम ने नेट मीटरिंग पर एमएसईडीसीएल के प्रस्ताव को नोट किया और देखा कि राज्य–विशेष शर्तों को ध्यान में रखते हुए नेट–मीटरिंग / सकल मीटरिंग को अपनाने के संबंध में निर्णय लेने के लिए राज्य विनियामक पूरी तरह से सशक्त हैं। विनियामक फोरम सचिवालय को नेट–मीटरिंग रिपोर्ट के अगले चरण पर काम करना चाहिए और इसके लिए सुझावों को विनियामक फोरम को प्रस्तुत करना चाहिए।
- फोरम ने नेट–मीटरिंग के अधीन एसपीवी संयंत्रों की अधिकतम क्षमता की सीमा के संबंध में पीएसईआरसी से प्राप्त संदर्भ का उल्लेख किया और सिफारिश की कि इस पहलू को भी उपर्युक्त सुझाव के अनुसार अध्ययन का हिस्सा माना जाना चाहिए।
- फोरम ने बाध्य संस्थाओं द्वारा अनुपालन के लिए सौर और गैर–सौर आरपीओ को एकल आरपीओ लक्ष्य में विलय करने के लिए प्रस्तुतिकरण पर विचार किया। यह देखा गया कि परिस्थितियों में एक महत्वपूर्ण बदलाव है जिसके कारण आरपीओ लक्ष्यों के सौर और गैर–सौर आरपीओ में विभाजन आवश्यक हुआ। देश में सौर विद्युत की कीमतों में लगातार गिरावट देखी गई है, जो कि लगभग ग्रिड समता तक पहुंच रही है। बेहतर भंडारण और ऊर्जा भंडारण के विकास आदि के साथ दृढ़ता में भी वृद्धि की संभावना है। फोरम ने महसूस किया कि दो अलग–अलग सौर आरपीओ और गैर–सौर आरपीओ के बजाय, सभी आरई स्रोतों को शामिल करने वाला एकल आरपीओ उभरते बाजार की वास्तविकताओं में उपयुक्त हो सकता है।
- फोरम को अवगत कराया गया था कि विनियामक फोरम तकनीकी समिति ने "अंतरराज्यिक हाइड्रो उत्पादनकारी स्टेशनों के लिए टैरिफ अवधारण और अन्य सहबद्ध मामले" पर मॉडल विनियमों को अंतिम रूप दे दिया है। फोरम ने मॉडल विनियमों के मसौदे पर विचार–विमर्श किया और महसूस किया कि प्रभावी आरई एकीकरण को सुकर बनाने के उद्देश्य से लचीलापन लाने के लिए हाइड्रो उत्पादन को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। फोरम ने सैद्धांतिक रूप से "अंतरराज्यिक हाइड्रो उत्पादनकारी स्टेशनों के लिए टैरिफ अवधारण और अन्य सहबद्ध मामले" पर मॉडल विनियमों का इस सुझाव के साथ समर्थन किया कि विनियमों के प्रारूपण पर टिप्पणी, यदि कोई हो, एक महीने के भीतर विनियामक फोरम के सचिवालय को एसईआरसी द्वारा प्रदान किए जाएं जिसके बाद इसे विनियामक फोरम की वेबसाइट पर डाला जाएगा।
- फोरम ने जीईआरसी के संदर्भ पर विचार करते हुए देखा कि आरई उत्पादन प्रकृति से आंतरायिक, अनिश्चित और परिवर्तनशील है। इन पहलुओं पर विचार करते हुए और ग्रिड में आरई उत्पादन के एकीकरण को सुकर बनाने के लिए, थर्मल उत्पादन को आरई उत्पादन और मांग में भिन्नता की आवश्यकताओं को प्रतिक्रिया देने के लिए पर्याप्त लचीला रखा जाना चाहिए। फोरम ने भारत के लिए नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्यों की जांच करने वाली ब्रुकिंग्स इंडिया की रिपोर्ट पर उनके द्वारा की गई प्रस्तुति को नोट किया।
- फोरम ने लोकपाल के आदेश के विरुद्ध एसईआरसी के समक्ष अपील करने के लिए उपभोक्ताओं के लिए प्रावधानों की कमी के संबंध में ओडिशा विद्युत विनियामक आयोग (ओईआरसी) द्वारा दिए गए संदर्भ पर विचार किया। फोरम के समक्ष यह भी लाया गया कि कुछ मामलों में, यद्यपि आयोग यह प्रतीत होता

है कि जीआरएफ / लोकपाल के निर्णय गलत हैं, ऐपटेल और सर्वोच्च न्यायालय के निर्णयों के परिप्रेक्ष्य में एसआरईसी मामले को निपटाने में असमर्थ रहे। इस संबंध में, फोरम ने देखा कि विद्युत अधिनियम, 2003 के अधीन वर्तमान में उपलब्ध उपबंध उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम के गठन और लोकपाल की संस्थापना को उपभोक्ता शिकायतों के सरल और त्वरित निपटान के लिए प्लेटफार्म के रूप में कार्य करने के लिए सुकर बनाते हैं। एसईआरसी / जेईआरसी के पास शिकायत के निवारण के लिए कार्यप्रणाली के साथ–साथ संपूर्ण फ्रेमवर्क को निर्दिष्ट करने का अधिदेश है और कई एसईआरसी ने विनियमों को विस्तृत रूपरेखा के साथ सुगम बनाने के लिए अधिसूचित किया है।

- फोरम ने उत्तर प्रदेश विद्युत विनियामक आयोग द्वारा अद्यतन स्थिति का उल्लेख किया और स्थिति और टैरिफ और अन्य संबंधित क्षेत्रों में उनके द्वारा किए गए उपायों को अग्रेषित किया। स्थिति उदय (यूडीएवाई) लक्ष्यों, एसीएस–एआरआर गैप, विद्युत खरीद लागत, आरपीओ लक्ष्यों, एटी एंड सी हानि स्तर, विनियामक आस्तियां, आईटी का कार्यान्वयन, ईआरपी प्रणालियां आदि के संबंध में थी।
- फोरम ने देखा कि परियोजना लागतों में पारदर्शिता और दक्षता को प्रोत्साहित करने के लिए, अंतःराज्यिक पारेषण परियोजनाओं के लिए सीमा–रेखा को टैरिफ नीति में दी गई व्यवस्था के अनुसार एसईआरसी द्वारा अवधारित किया जाना चाहिए। इसलिए, फोरम ने सदस्यों से अपने राज्य के सभी प्रासंगिक मापदंडों को ध्यान में रखते हुए, अपने संबंधित राज्य–स्तरीय पारेषण परियोजनाओं के लिए सीमा–रेखा निर्धारित करने का आग्रह किया।
- फोरम ने, यह देखते हुए कि विभिन्न एसईआरसी की एकरूपता की कमी के कारण विभिन्न सिद्धांतों को अपनाया गया था और पुनरीक्षित टैरिफ नीति के उपबंधों का पालन करने की आवश्यकता को भी रेखांकित किया। फोरम ने कार्यकारी समूह का गठन करने के लिए अध्यक्ष, सीईआरसी/एफओआर को प्राधिकृत किया, जो मामले की जांच कर सकता है और फोरम के विचार के लिए वितरण आस्तियों के लिए सिद्धांतों/दरों के अवधारण पर उपयुक्त मसौदा दिशानिर्देश निर्मित कर सकता है।
- फोरम ने कहा कि यद्यपि वितरण मानदंडों का निर्धारण एक महत्वपूर्ण पहलू है, विद्युत की गुणवत्ता भी अधिक महत्व रखती है और वितरण मानदंडों का अभिन्न अंग है। एलईडी और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के बढ़ते उपयोग से उत्पन्न वोल्टेज में हार्मोनिक्स और स्पाइक्स के रूप में सिस्टम में प्रदूषण और शोर के अचानक बढ़ने के कारण विद्युत की गुणवत्ता मुख्य रूप से महत्वपूर्ण है। अतः फोरम ने फैसला किया कि वितरण मानदंडों के निर्धारण के लिए दिशानिर्देशों से संबंधित मामलों को विद्युत की गुणवत्ता के लिए कार्यकारी समूह की सिफारिशों के साथ जोड़ा जा सकता है।
- फोरम ने भारतीय रेलवे (एक डीम्ड अनुज्ञप्तिधारी) द्वारा अनुज्ञप्तिधारी बाध्यताओं के गैर–अनुपालन के संबंध में विद्युत मंत्रालय / रेल मंत्रालय के पास मामला ले जाने के लिए अध्यक्ष, केविविआ / विनियामक फोरम को प्राधिकृत किया।

दिनांक 15 दिसंबर, 2017 को नई दिल्ली में आयोजित विनियामक फोरम की 62वीं बैठक

- फोरम को सूचित किया गया कि उत्तर पूर्वी राज्यों की विनियामक फोरम टास्क फोर्स की सिफारिशों पर, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ कॉर्पोरेट अफेयर्स के सहयोग से विनियामक फोरम सचिवालय द्वारा उत्तर पूर्वी राज्यों के एसईआरसी / जेईआरसी के विनियामकों और विनियामक स्टाफ के लिए विशेष रूप से डिजाइन किया गया क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किया गया था। फोरम ने विनियामक फोरम रिजर्व में से 14.56 लाख रुपये के व्यय के लिए अपना कार्योत्तर अनुमोदन प्रदान किया जो उक्त क्षमता निर्माण कार्यक्रम के संचालन के लिए किया गया था।
- फोरम ने विकलांग व्यक्तियों द्वारा उपभोक्ता विद्युत बिल में 100% छूट, बोली के बाद लगाए गए विभिन्न शुल्कों / करों / अधिभारों में से गुजरने और पूंजीगत लागत अनुमोदन में देरी के संबंध में विद्युत मंत्रालय से प्राप्त संदर्भों पर चर्चा की। फोरम ने निर्णय लिया कि सदस्य विस्तृत विश्लेषण के साथ अपने संबंधित एसईआरसी में इन मामलों की जांच कर सकते हैं।
- फोरम को "एफओआर अध्ययन और क्षमता निर्माण कार्यक्रमों के प्रभाव आकलन" पर एफओआर अध्ययन के बारे में बताया गया। विस्तृत विचार–विमर्श के बाद, फोरम ने अध्ययन रिपोर्ट का समर्थन किया।
- बैठक में राज्य–स्तर पर नवीकरण पर फ्रेमवर्क के कार्यान्वयन पर एफओआर स्थायी तकनीकी समिति की रिपोर्ट का विमोचन किया गया।
- फोरम को, निर्बाध पहुंच के कार्यान्वयन को प्रभावित करने वाले मामलों की जांच करने के लिए गठित एफओआर के कार्यकारी समूह द्वारा की गई सिफारिशों से अवगत कराया गया। फोरम ने निर्बाध पहुंच पर कार्यकारी समूह की रिपोर्ट का समर्थन किया।
- फोरम को राज्य विद्युत विनियामक आयोगों के लिए ई–कोर्ट के सामान्य सॉफ्टवेयर से अवगत कराया गया। फोरम ने प्रगति को नोट किया और सुझाव दिया कि अंतराल विश्लेषण करने के लिए उत्तर

पूर्वी क्षेत्र में से एक सहित न्यूनतम पांच एसईआरसी शामिल किए जा सकते हैं और एनआईसी जल्द से जल्द एसईआरसी को पूर्व–अपेक्षितों की सूची के साथ–साथ मानक मास्टर्स भी साझा कर सकता है। फोरम ने, जेनेरिक सॉफ्टवेयर के विकास के लिए 30 लाख रुपये के खर्च को मंजूर करते हुए विनियामक फोरम की 60वीं बैठक में लिए गए निर्णय को जारी रखते हुए, एफओआर रिजर्व में से इस खर्च के लिए अपनी मंजूरी प्रदान की।

- फोरम ने राष्ट्रीय ट्रेजेक्टरीज के साथ राज्य के आरपीओ लक्ष्यों को संरेखित करने के संबंध में नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) से प्राप्त संदर्भों पर चर्चा की, जिसमें आरपीओ लक्ष्यों को अगली आगामी अवधियों तक कैरी–फॉरवर्ड को निरुत्साहित करने के अलावा आरपीओ लक्ष्यों को पूरा करने में गैर–अनुपालन के मामलों में दंडात्मक प्रावधानों को लागू करना है। एमएनआरई से संचार के संदर्भ में, फोरम ने महसूस किया कि सरकार और विनियामक के बीच दायित्व के संतुलन के हित में, उचित होगा यदि एमएनआरई केवल मुद्दों को उठाए और किसी निर्दिष्ट कार्य को करने के लिए विनियामकों को निर्देश देने / सलाह देने से बचे।

2.2 पूरे किए गए अध्ययन

ग्रिड पर इलेक्ट्रिक वाहनों का प्रभाव

विनियामक फोरम द्वारा ''ग्रिड पर इलेक्ट्रिक वाहनों का प्रभाव'' पर एक अध्ययन प्रभावी और सहज एकीकरण के लिए अपेक्षित विनियामक तैयारियों और नीतिगत विधियों के साथ इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के एकीकरण के तकनीकी–आर्थिक विश्लेषण करने के उद्देश्य से आरंभ किया गया था। अध्ययन आरंभ करने के लिए फोरम की सहायता हेतु, मैसर्स एमपी ईएन सिस्टम्स को बोली की पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से परामर्शदाता के रूप में नियुक्त किया गया। तकनीकी विश्लेषण के लिए, परामर्शदाता ने आईआईटी मुंबई के एक प्रोफेसर से सहायता मांगी।

अध्ययन के भाग के रूप में, फीडरों पर ईवी के प्रभाव को समझने के लिए सिमुलेशन अभ्यास का अध्ययन किया गया है। यह देखा गया कि सिमुलेशन के परिणामों ने आवासीय, वाणिज्यिक और मिश्रित लोड फीडरों पर वोल्टेज की ड्रॉप्स / लाभ के संदर्भ में कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं दिखाया है।

अन्य बातों के साथ–साथ सिफारिशों में सुसंगत कानूनी मुद्दों पर सुझाव और कुछ व्यावसायिक मॉडल के अलावा विनियामक हस्तक्षेप, नीतिगत विधियां शामिल हैं। यद्यपि विनियामक पहलुओं को उपयुक्त आयोग द्वारा निपटाया जाना है, तथापि विनियमों की एकरूपता और सामंजस्य के लिए निम्नलिखित अंतःक्षेपों पर टैरिफ नीति में या नियमों में उपयुक्त प्रावधान रखना उचित होगाः

- टैरिफों में वितरण अनुज्ञप्तिधारियों द्वारा ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर में किए गए निवेश से गुजरने के लिए विनियामकों द्वारा अनुमति देना
- सार्वजनिक चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर स्थापित करने के लिए वितरण अनुज्ञप्तिधारियों और निजी क्षेत्र / सार्वजनिक क्षेत्र के इच्छुक उपक्रमों / संघों के बीच फ्रेंचाइजी करारों के लिए सरलीकृत फ्रेमवर्क बनाना।
- सार्वजनिक चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर स्थापित करने के लिए आपूर्ति के अपने क्षेत्र के भीतर बहुविध और गैर–विशिष्ट मताधिकारी नियुक्त करने के लिए वितरण अनुज्ञप्तिधारियों को अनुमति देना।
- सेवा की औसत लागत से अधिक के व्हीलिंग प्रभारों के माध्यम से इंफ्रास्ट्रक्चर की वृद्धिशील लागत की वसूली की अनुमति देकर ईवी के लिए नई टैरिफ श्रेणी बनाना।
- रात्रि समय में बैक–डाउन आस्तियों के उपयोग के लिए ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए विशेष टीओडी संरचना की अनुमति देना।
- क्रॉस सब्सिडी अधिभार के बिना ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर एग्रीगेटर्स को निर्बाध पहुंच की अनुमति देना। इसके अलावा घटे हुए टैरिफ को बढ़ावा देने के लिए आरई उत्पादन की बैंकिंग को अनुमति देना।
- ईवी द्वारा निर्मित मांग को पूरा करने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य सेय सीधे या प्रतिस्थापन के माध्यम सेय इस प्रकार के उपभोग के लिए उपयुक्त प्रोत्साहन तंत्र तैयार किया जाना चाहिए।

फोरम ने 23 जून, 2017 को अपनी 60वीं बैठक में नोट किया कि यूटिलिटी के स्वामित्व वाले संस्थापनों, फ्रेंचाइजी द्वारा संस्थापनों (सार्वजनिक–निजी भागीदारी सहित) और बैटरी स्वैपिंग स्टेशनों द्वारा एकत्रीकरण (बैटरी के मानकीकरण पर अभी भी अन्य मंचों पर बहस चल रही है), के अलावा किसी भी अन्य मॉडल के लिए विद्युत अधिनियम, 2003 में नियमों / उपबंधों में संशोधन की आवश्यकता होगी। उचित विचार–विमर्श के बाद, फोरम ने ''ग्रिड पर इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रभाव'' पर अध्ययन रिपोर्ट को मंजूरी दी।

विनियामक फोरम अध्ययनों और क्षमता निर्माण कार्यक्रमों का प्रभाव आकलन

विनियामक फोरम ने पिछले पांच वर्षों के दौरान आयोजित ''विनियामक फोरम अध्ययनों और क्षमता निर्माण कार्यक्रमों (सीबीपी) का प्रभाव आकलन'' और यह विश्लेषण करने के लिए कि क्या ये गतिविधियाँ फोरम के समग्र कृत्यों और उद्देश्यों के अनुरूप हैं, एक अध्ययन शुरू किया। फोरम को परामर्श सहायता प्रदान करने के लिए पारदर्शी बोली प्रक्रिया के माध्यम से मेसर्स प्राइसवाटरहाउसकूपर्स प्राइवेट लिमिटेड (पीडब्ल्यूसी) को चुना गया।

संदर्भ की शर्तों के अनुसार, निम्नलिखित कार्यों को अध्ययन

के भाग के रूप में किए जाने पर सहमति हुई:

- प्रभाव आकलन के लिए डिजाइन पैरामीटर
- फोरम के उद्देश्यों की तुलना में प्रभाव का आकलन करना
- क्षमता निर्माण कार्यक्रमों के संबंध में विभिन्न राज्य विद्युत विनियामक आयोगों (एसईआरसी) और संयुक्त विद्युत विनियामक आयोगों (जेईआरसी) से प्राप्त फीडबैक का विस्तृत विश्लेषण।
- विनियामक फोरम के सचिवालय द्वारा आयोजित अध्ययन और क्षमता निर्माण कार्यक्रमों के प्रभाव को बढ़ाने के लिए सिफारिशें करना।
- कोई अन्य सहबद्ध मामला।

भारत और विश्व में विनियामकों / नीति निर्माताओं द्वारा नियोजित प्रभाव के आकलन के विभिन्न दृष्टिकोणों और प्रयोगों की बेहतर समझ हासिल करने के लिए, कार्यक्रमों, योजनाओं, अध्ययनों और विशिष्ट हस्तक्षेपों के प्रभावों का आकलन करने के लिए बनाई गई कुछ सबसे अच्छे स्थापित फ्रेमवर्कों का अध्ययन किया गया।

निम्नलिखित अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त मानक हैं जिन्हें इस अध्ययन में माना गया है:

- विकास सहायता समिति (डीएसी) विकास मूल्यांकन के लिए गुणवत्ता मानक
- मूल्यांकन सहयोग समूह – मूल्यांकन पर अच्छा अभ्यास मानक
- पेरिस घोषणा और कार्रवाई के लिए अकरा एजेंडा
- प्रभाव मूल्यांकन के लिए डिजाइन और पद्धतियां – डीएफआईडी अध्ययन

भारत में प्रभाव आकलन अध्ययनों ने अध्ययन के उद्देश्यों और आवश्यकताओं के आधार पर आर्थिक, प्रायोगिक/अर्ध प्रयोगात्मक, प्रारंभिक, प्रभाव, मेटा, मध्यावधि, भागीदारी, नीति, प्रक्रिया, योग, सिंथेटिक, विषयगत और सिद्धांत–आधारित जैसे दृष्टिकोणों के संयोजन या दृष्टिकोण का उपयोग किया है।

गहन विश्लेषण के बाद, सीबीपी के प्रभाव आकलन के संचालन के लिए आधार के रूप में आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ओईसीडी) / डीएसी फ्रेमवर्क को प्रभाव आकलन के लिए चुना गया था।

अध्ययन ने बृहत्तर समन्वय और सभी हिताधिकारियों से जवाबदेही सुनिश्चित करने, अध्ययनों और सीबीपी में कवर किए जाने वाले प्रमुख विषयों का अनुमान लगाने के लिए हित सर्वेक्षण, अध्ययन और सीबीपी जीवनचक्र के प्रत्येक चरण पर प्रभावपूर्ण अध्ययनों और सीबीपी के लिए पूरा किए जाने वाले आवश्यक प्रमुख मानदंडों की जांच–सूची, संगत मुद्दों पर नियमित चर्चा के लिए ऑनलाइन फोरम, विनियामक फोरम के सचिवालय और एसईआरसी के बीच समन्वय के लिए संचार टेम्पलेट आदि के लिए विशिष्ट अध्ययनों / सीबीपी के लिए एक कार्यकारी समूह की नियुक्ति की सिफारिश की।

फोरम द्वारा 15 दिसंबर, 2017 को नई दिल्ली में आयोजित अपनी 62वीं बैठक में अध्ययन रिपोर्ट का समर्थन किया गया।

2.3 क्षमता निर्माण कार्यक्रम

विनियामक फोरम (एफओआर) के प्रमुख दायित्वों में से एक विद्युत विनियामक आयोगों (ईआरसी) के कर्मियों का क्षमता निर्माण है। वित्तीय वर्ष 2017–18 में फोरम द्वारा निम्नलिखित प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किए गए थे।

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ कॉर्पोरेट अफेयर्स, गुरुग्राम में 17 नवंबर, 2017 से 19 नवंबर, 2017 तक उत्तर पूर्व क्षेत्र के विनियामकों और विनियामक स्टाफ के लिए तीन दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम।

कार्यक्रम के दौरान कवर किए गए मुख्य विषय इस प्रकार हैं:

- भारत में विद्युत क्षेत्र में नीति और विनियामक प्रणाली का अवलोकन
- ग्रिड ऑपरेशन पर पोसोको द्वारा प्रस्तुति
- सीईआरसी में टैरिफ सेटिंग प्रक्रिया
- संबंधित सुविधाओं को देखने के साथ–साथ ई–कोर्ट पर प्रस्तुति और प्रदर्शन
- विनियामक सर्वोत्तम अभ्यास: गुजरात का केस अध्ययन
- ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001 के अधीन पीएटी योजना
- यूटिलिटी के प्रदर्शन की मॉनिटरिंग

आईआईटी कानपुर आउटरीच सेंटर, नोएडा में 9 से 11 दिसंबर, 2017 तक और तदुपरांत सिंगापुर में 13 से 15 दिसंबर, 2017 तक 11वां क्षमता निर्माण कार्यक्रम।

कार्यक्रम के दौरान शामिल मुख्य विषय इस प्रकार हैं:

- ऐपटेल और सुप्रीम कोर्ट के महत्वपूर्ण आदेश: विद्युत क्षेत्र के विनियमों के लिए निहितार्थ।
- वितरण यूटीलिटीज के लिए दीर्घकालिक मांग पूर्वानुमान और विद्युत खरीद नियोजन
- अल्पकालिक विद्युत खरीद– विनियम और अभ्यास
- उदय (यूडीएवाई): विद्युत क्षेत्र यूटीलिटीज के लिए चुनौतियां और आगे का रास्ता
- राज्यों में सौर रूफटॉप नीति और विनियम और

यूटीलिटीज का भविष्य

- स्मार्ट ग्रिड– यूटीलिटीज और विनियामकों के लिए आगे का रास्ता
- इलेक्ट्रिक वाहन– यूटीलिटी पर प्रभाव और विनियामक हस्तक्षेप
- पारंपरिक, सौर और पवन ऊर्जा के लिए प्रतिस्पर्धात्मक बोली
- विद्युत प्रणाली प्रचालन और सहायक सेवाओं के लिए बाजार
- नवीकरणीय ऊर्जा और विद्युत की यूटिलिटीज का भविष्य
- विद्युत वितरण यूटिलिटीज के लिए प्रदर्शन बेंचमार्किंग
- सिंगापुर में विद्युत क्षेत्र का विनियमन– विकास और वर्तमान अभ्यास
- विद्युत के लिए खुदरा प्रतिस्पर्धा में परिवर्तन का प्रबंधन– सिंगापुर में अनुभव
- सिंगापुर में विद्युत की गतिशीलता– रोल आउट कार्यनीति और वितरण यूटिलिटीज की भूमिका
- सिंगापुर और दक्षिण पूर्व एशिया में विद्युत बाजार के विकास

राष्ट्रीय विद्युत प्रशिक्षण संस्थान, फरीदाबाद में 22 से 23 मार्च, 2018 तक सीजीआरएफ और लोकपाल के अधिकारियों के लिए ''उपभोक्ता हित की सुरक्षा'' पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम।

कार्यक्रम के दौरान शामिल मुख्य विषय इस प्रकार हैं:

- उपभोक्ता शिकायतों से निपटने के लिए कार्यविधि– मॉडल तंत्र
- ग्राहक देखभाल अभ्यासों को बेहतर बनाने के लिए प्रौद्योगिकी हस्तक्षेप
- मानकों और प्रदर्शन का परिचय और बीआरपीएल के बदलाव की कहानी
- डीएचबीवीएन में उपभोक्ता सशक्तीकरण और शिकायत निवारण तंत्र
- विभिन्न सीजीआरएफ और लोकपाल में उपभोक्ता देखभाल सर्वोत्तम अभ्यासों पर राउंडटेबल चर्चा
- दिल्ली में उपभोक्ता शिकायत निवारण अनुभव

3

वर्ष 2017–18 के दौरान विनियामक फोरम के सदस्य विनियामक निकायों की उपलब्धियां (सीईआरसी / एसईआरसी / जेईआरसी)

केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग

विद्युत अधिनियम, 2003 द्वारा इसके लिए सौंपे गए दायित्वों के बारे में केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (केविविआ) ने संज्ञान लेते हुए, विद्युत क्षेत्र में सुधारों को आगे बढ़ाने के लिए वर्ष के दौरान कई महत्वपूर्ण पहलें की।

वित्तीय वर्ष 2017–18 के अंत तक, कुल स्थापित क्षमता 344 गीगावॉट थी। इसमें से, थर्मल उत्पादन (कोयला, गैस और डीजल सहित), हाइड्रो और नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन क्रमशः 64.8%, 13.16% और 20.01% है। आरई क्षमता के 69 गीगावॉट में से, पवन ऊर्जा और सौर की क्षमताएं क्रमशः 34 गीगावॉट और 21.65 गीगावॉट हैं। शेष क्षमता को लघु हाइड्रो पावर, बायोमास, अपशिष्ट–से–ऊर्जा आदि के बीच शेयर किया गया था। भारत सरकार ने वर्ष 2022 तक नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता के लक्ष्य को 175 गीगावॉट तक बढ़ा दिया है जिसमें 100 गीगावॉट सौर से, 60 गीगावॉट पवन से, 10 गीगावॉट बायोपावर से और 5 गीगावॉट लघु हाइड्रोपावर से शामिल हैं। लक्ष्य में मुख्य रूप से 40 गीगावॉट रूफ–टॉप और बृहत और मध्यम पैमाने के ग्रिड से जुड़े सौर विद्युत परियोजनाओं के माध्यम से 60 गीगावॉट शामिल होंगे। नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन क्षमता में वृद्धि के लक्ष्यों के लिए, आयोग ने कई उपाय किए हैं।

अखिल भारतीय ग्रिड के एकीकृत प्रचालन के लिए, विभिन्न पावर प्रणाली तत्वों के वास्तविक समय के डाटा की निर्बाध उपलब्धता महत्वपूर्ण लिंक बनाती है। विद्युत प्रणाली की प्रभावी मॉनिटरिंग, पर्यवेक्षण और नियंत्रण के लिए डाटा को रात–दिन भार प्रेषण केंद्र पर चक्रीय रूप से (आमतौर पर हर दस सेकंड में) स्वतः अद्यतन करने की आवश्यकता होती है। आयोग ने ग्रिड के सुरक्षित, विश्वसनीय और आर्थिक प्रचालन को सुकर बनाने के लिए संचार प्रणाली के महत्व पर बल देते हुए, विद्युत के अंतर–राज्यिक पारेषण के लिए संचार प्रणाली के संबंध में विनियमों को अधिसूचित किया। इन विनियमों का उद्देश्य संचार प्रणाली को सशक्त बनाना है और राष्ट्रीय, प्रादेशिक और अंतर–राज्यिक स्तर पर विद्युत प्रणाली के लिए डाटा संचार और टेली–संरक्षण के लिए उपयोग किए जाने वाले संचार इंफ्रास्ट्रक्चर पर लागू होता है। इन विनियमों में राज्य स्तर पर विद्युत प्रणाली के लिए भी व्यवस्था है, जब तक कि संबंधित राज्य विद्युत विनियामक आयोगों द्वारा उपयुक्त विनियम तैयार नहीं किए जाते। इन विनियमों ने बाजार प्रचालनों सहित प्रणाली प्रचालन और नियंत्रण के लिए डाटा की निरंतर उपलब्धता के लिए प्रणाली में विभिन्न व्यक्तियों और सहभागियों द्वारा पालन किए जाने वाले नियमों, दिशानिर्देशों और मानकों को निर्धारित किया। ऐसे उपबंध सम्मिलित किए गए थे, जिनमें अन्य बातों के साथ–साथ राष्ट्रीय ग्रिड के एकीकृत प्रचालन के लिए डाटा के आदान–प्रदान सहित विश्वसनीय संचार प्रणाली के नियोजन, कार्यान्वयन, प्रचालन, रखरखाव और उन्नयन के लिए व्यवस्था है।

वर्ष 2017–18 के दौरान, आयोग ने नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत विनियमों से टैरिफ अवधारण के लिए निबंधन और शर्तों को अधिसूचित किया, जिसके माध्यम से, आयोग ने विभिन्न नवीकरणीय ऊर्जा प्रौद्योगिकियों, जिनमें अन्य बातों के साथ–साथ पवन ऊर्जा, लघु हाइड्रो, बायोमास (रैंकिन चक्र पर आधारित), सौर (पीवी और थर्मल), बायोमास, बायोगैस, नगरपालिका ठोस अपशिष्ट / रिफ्यूज से प्राप्त ईंधन परियोजनाएं (रैंकिन चक्र प्रौद्योगिकी पर आधारित) आदि सम्मिलित हैं, पर आधारित ग्रिड इंटरएक्टिव विद्युत परियोजनाओं के लिए टैरिफ अवधारण के लिए टैरिफ संरचना और डिजाइन, वित्तीय सिद्धांतों, प्रचालन मानदंडों और प्रौद्योगिकी निर्दिष्ट मापदंडों को विनिर्दिष्ट किया। आयोग ने सौर पीवी और सौर थर्मल, पवन ऊर्जा (ऑन–शोर और ऑफ–शोर सहित), नगर पालिका ठोस अपशिष्ट और रिफ्यूज से प्राप्त ईंधन आधारित परियोजनाओं, बायोमास गैसीफायर आधारित परियोजनाओं (यदि परियोजना डेवलपर द्वारा चुना गया हो), बायोगैस आधारित परियोजनाओं (यदि परियोजना डेवलपर द्वारा चुना गया हो) के संबंध में सामान्य टैरिफ का अवधारण करने का अनुसरण नहीं किया, अन्य हाइब्रिड परियोजनाओं में नवीकरणीय–नवीकरणीय या नवीकरणीय–पारंपरिक स्रोत सम्मिलित हैं, जिसके लिए एमएनआरई द्वारा नवीकरणीय प्रौद्योगिकी को मंजूरी दी गई है। इन आरई प्रौद्योगिकियों के संबंध में, परियोजना निर्दिष्ट टैरिफ अगली नियंत्रण अवधि (2017–2020) के लिए अवधारित किया जाएगा।

प्रतिस्पर्धात्मक विद्युत बाजार के प्रचालन के लिए पारेषण इन्फ्रास्ट्रक्चर रीढ़ है। विद्युत अधिनियम, 2003 ने डी–लाइसेंस उत्पादन और निर्बाध पहुंच के युग की शुरुआत की। पारेषण वह कड़ी है जो इन दोनों में तालमेल बैठाती है। यद्यपि, निर्बाध पहुंच के साथ पारेषण की अनुज्ञप्ति प्राप्त गतिविधि

और निर्बाध पहुंच एवं डी–लाइसेंस उत्पादन के बीच तादात्म्य प्राप्त करना, पहचाने गए स्थान के साथ किए गए नियोजन और अतंरराज्यिक उत्पादनकारी स्टेशनों और उनके पहचाने गए लाभार्थियों की क्षमता की तुलना में कुछ चुनौतियां खड़ी करते हैं।

विद्युत अधिनियम, 2003 के लागू होने के तदुपरांत, आयोग ने निर्बाध पहुंच, संयोजकता, प्रभारों और हानियों की शेयरिंग आदि के संबंध में विनियमों को अधिसूचित किया। निर्बाध पहुंच के कार्यान्वयन में उत्पन्न होने वाले मुद्दों पर उचित ध्यान देने के साथ, प्रचलित विनियमों की जांच के बाद पारेषण नियोजन, संयोजकता, दीर्घकालिक पहुंच, मध्यकालिक निर्बाध पहुंच और अन्य सहबद्ध मामलों के संबंध में स्टाफ पेपर प्रकाशित हुआ।

इसके बाद, आयोग ने श्री माता प्रसाद की अध्यक्षता में ''पारेषण नियोजन, संयोजकता, दीर्घकालिक पहुंच, मध्यकालिक निर्बाध पहुंच और अन्य सहबद्ध मामलों की समीक्षा'' के लिए एक समिति का गठन किया। समिति की सिफारिशों की जांच करने के बाद, आयोग ने सामान्य नेटवर्क पहुंच पर विनियमों का प्रारूप तैयार किया। इन विनियमों का उद्देश्य अंतर–राज्यिक पारेषण प्रणाली के नियोजन और विकास में पर्याप्तता सुनिश्चित करना है। जीएनए, संस्थाओं को प्रणाली अध्ययनों के माध्यम से सीटीयू द्वारा किए गए आकलन के अनुसार किसी भी आईएसटीएस प्वाइंट को दिए गए संपर्क बिंदु / जोन (पीओसी) से आहरण या आपूर्ति करने की सुविधा प्रदान करता है। दूसरे शब्दों में, उत्पादनकर्ता और राज्यों / उपभोक्ता को विद्युत की सहमत मात्रा (मेगावाट) के लिए आईएसटीएस को सामान्य नेटवर्क पहुंच (जीएनए) दिया जा सकता है और जीएनए करार निवेश के लिए चालक बन सकता है। इस तंत्र से हितधारकों द्वारा परेशानी रहित पहुंच को सुगम बनाते हुए पारेषण प्रणाली का विकास अपेक्षित है।

आयोग ने केन्द्रीय उत्पादनकारी स्टेशनों, अंतरराज्यिक उत्पादनकारी स्टेशनों और अन्य उत्पादनकारी स्टेशनों के कोयला / लिग्नाइट / गैस इकाई (इकाइयों) को त्यागने के और इस प्रकार की इकाइयों को तकनीकी न्यूनतम अनुसूची के नीचे अनुसूचीकरण पर रिजर्व शट–डाउन के अधीन लाने के लिए एक विस्तृत प्रचालन प्रक्रिया भी प्रकाशित की। डीओपी में अन्य बातों के साथ–साथ निम्न प्रणाली मांग, विद्युत आपूर्ति के विनियमन के दौरान, उच्च नवीकरणीय की घटना आदि, उत्पादनकारी इकाइयों को आरएसडी के अधीन लाने के लिए कार्यविधिय विभिन्न एजेंसियों की भूमिका, डाटा आवश्यकताएं, आदि जैसी निर्दिष्ट ग्रिड परिस्थितियों में त्यागे जाने वाले उत्पादनकारी स्टेशनों और उनकी इकाइयों की पहचान के लिए कार्यप्रणाली भी सम्मिलित है। यह डीओपी आरएलडीसी, एसएलडीसी, सीजीएस और आईएसजीएस पर लागू होता है, जिनका टैरिफ या तो केंद्रीय आयोग द्वारा अवधारित किया जाता है या अपनाया जाता है और उत्पादनकारी स्टेशन जो कि प्रादेशिक संस्थाएं हैं, लेकिन जिनका टैरिफ न तो आयोग द्वारा अवधारित है और न ही अपनाया गया है। उत्पादनकारी स्टेशनों के मामले में जिनका टैरिफ आयोग द्वारा अवधारित किया जाता है या अपनाया जाता है, लेकिन एसएलडीसी द्व ारा अनुसूचित किए गए हैं, ऐसी मशीनों को आरएसडी के अधीन लाने के लिए एसएलडीसी द्वारा समान तंत्र अपनाया जाएगा। प्रादेशिक संस्थाएं जिनका टैरिफ न तो केंद्रीय आयोग द्वारा अवधारित किया जाता है और न ही अपनाया जाता है, इस प्रक्रिया के अधीन हैं।

आयोग ने वास्तविक समय में मांग आपूर्ति अंतराल को पाटने में रिजर्वों की महत्वपूर्ण भूमिका का संज्ञान लिया। इस संदर्भ में, आयोग ने केविविआ के सदस्य श्री ए. एस. बख्शी की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया। समिति ने क्षमता के रूप में स्पिनिंग रिजर्वों के निर्माण के लिए सिफारिश की, जिसे प्रणाली प्रचालक के निर्देशों के अनुसार सक्रिय किया जा सकता है और इसे उत्पादनकारी स्टेशनों / इकाइयों सहित उपकरणों द्वारा प्रदान किया जा सकता है, जो ग्रिड से सिंक्रनाइज हैं और सक्रिय विद्युत में परिवर्तन को प्रभावित करने में सक्षम हैं। आयोग ने, सिफारिशों को प्रभावी बनाते हुए आईईजीसी विनियमों में संशोधन किया। संशोधन में सहायक रिजर्व सेवाओं के प्रचालन के लिए आईएसजीएस के विद्युत के अनुसूचीकरण और प्रेषण के लिए, अनापेक्षित विद्युत के उपयोग के लिए और आईएसजीएस, एनएलडीसी, आरएलडीसी, एसएलडीसी, विद्युत एक्सचेंजों और अन्य संबंधित उपयोगकर्ताओं के बीच सूचना के प्रवाह की प्रक्रिया के साथ स्पिनिंग रिजर्व के प्रचालन के लिए भी व्यवस्था है।

असम विद्युत विनियामक आयोग

वित्तीय वर्ष 2017–18 के दौरान आयोग द्वारा निम्नलिखित विनियम अधिसूचित किए गए

- एईआरसी (स्मार्ट ग्रिड) विनियम, 2017
- एईआरसी (नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से टैरिफ अवधारण के लिए निबंधन और शर्तें) विनियम, 2017
- एईआरसी (ग्रिड इंटरएक्टिव सौर पीवी प्रणालियां) विनियम 2015 (प्रथम संशोधन), 2017
- एईआरसी (माइक्रो / मिनी ग्रिड नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन और आपूर्ति) विनियम, 2017

आयोग ने निम्नलिखित आदेश जारी किए हैं:

- 2016–19 के लिए बहु वर्ष टैरिफ आदेश और वित्तीय वर्ष 2017–18 के लिए टैरिफ – असम विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (एपीडीसीएल)
- 2016–19 के लिए बहु वर्ष टैरिफ आदेश और वित्तीय वर्ष 2017–18 के लिए स्टेशन वार टैरिफ– असम पावर जनरेशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एपीजीसीएल)
- 2016–19 के लिए बहु वर्ष टैरिफ आदेश और वित्तीय वर्ष 2017–18 के लिए टैरिफ – असम विद्युत ग्रिड निगम लिमिटेड (एईजीसीएल)
- वित्तीय वर्ष 2017–18 के नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से उत्पन्न विद्युत के सामान्य स्तरीय टैरिफ के अवधारण

पर स्वःप्रेरणा आदेश

आंध्र प्रदेश विद्युत विनियामक आयोग

वित्तीय वर्ष 2017–18 के दौरान आयोग द्वारा निम्नलिखित विनियम अधिसूचित किए गए

- कैप्टिव उत्पादन, सह–उत्पादन और नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत विद्युत संयंत्रों (2017 का विनियम संख्या 3) से विद्युत निकासी के संबंध में आंध्र प्रदेश विद्युत विनियामक आयोग (एपीईआरसी) विनियम
- आंध्र प्रदेश विद्युत विनियामक आयोग (सौर और पवन उत्पादन का पूर्वानुमान, अनुसूचीकरण और विचलन व्यवस्थापन) विनियम, 2017 (2017 का विनियम संख्या 4)
- एपीईआरसी नवीकरणीय ऊर्जा खरीद बाध्यता (नवीकरणीय ऊर्जा / नवीकरणीय ऊर्जा प्रमाणपत्रों की खरीद द्वारा अनुपालन) विनियम, 2017

आयोग ने निम्नलिखित आदेश जारी किए हैं:

- वित्तीय वर्ष 2017–18 के दौरान आरईएससीओ के लिए विद्युत खरीद मूल्य का अवधारण
- वित्तीय वर्ष 2018–19 के लिए खुदरा आपूर्ति टैरिफ का अवधारण

अरुणाचल प्रदेश राज्य विद्युत विनियामक आयोग

वित्तीय वर्ष 2017–18 के दौरान आयोग द्वारा निम्नलिखित विनियम अधिसूचित किए गए

- एपीएसईआरसी (पारेषण अनुज्ञप्ति प्रदान करने के लिए प्रक्रिया, निबंधन और शर्तें और अन्य सहबद्ध मामले) विनियम – 2017
- नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से टैरिफ अवधारण के लिए एपीएसईआरसी निबंधन और शर्तें विनियम – 2012 (प्रथम संशोधन) – 2017
- नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से टैरिफ अवधारण के लिए एपीएसईआरसी ड्राफ्ट निबंधन और शर्तें विनियम – 2018

आयोग ने निम्नलिखित आदेश जारी किए हैं:

- विद्युत विभाग के संबंध में 2017–18 के लिए खुदरा टैरिफ आदेश
- हाइड्रो विद्युत विकास विभाग के संबंध में 2017–18 के लिए टैरिफ आदेश

बिहार विद्युत विनियामक आयोग

वित्तीय वर्ष 2017–18 के दौरान आयोग द्वारा निम्नलिखित विनियम अधिसूचित किए गए

- बीईआरसी (उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम, विद्युत लोकपाल और उपभोक्ता अधिवक्ता) विनियम, 2017
- बीईआरसी (सौर ऊर्जा स्रोतों से टैरिफ अवधारण के लिए निबंधन और शर्तें) विनियम, 2017
- बीईआरसी (नवीकरणीय खरीद बाध्यता, इसका अनुपालन और आरईसी फ्रेमवर्क कार्यान्वयन) (दूसरा संशोधन) विनियम, 2017

आयोग ने निम्नलिखित आदेश जारी किए हैं:

- वित्तीय वर्ष 2018–19 के लिए एसबीपीडीसीएल का टैरिफ आदेश
- वित्तीय वर्ष 2018–19 के लिए एनबीपीडीसीएल का टैरिफ आदेश
- वित्तीय वर्ष 2018–19 के लिए बिहार राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी लिमिटेड (बीएसपीजीसीएल) का टैरिफ आदेश
